प्रादेशिक समाचार
14.01.2026 (संध्या—1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा— किसानों के प्रयासों से आत्मनिर्भर भारत अभियान को मिल रही है मजबूती, झारखंड के किसानों ने जताया आभार।

2. भाजपा के नये प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने औपचारिक रूप से संभाला कार्यभार, 21 नये परिषद सदस्यों के नामों की भी हुई घोषणा।

3. रांची के धुर्वा से लापता दोनों बच्चों की सकुशल बरामदगी के बाद डीजीपी तदाशा मिश्रा ने कहा अंतरराश्ट्रीय गिरोह से जुड़ा है मानव तस्करी का यह मामला।

4. राज्यभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया मकर संक्रांति का पर्व, लाखों श्रद्धालुओं ने नदियों, सरोवरों में लगाई आस्था की डुबकी।

5. हजारीबाग के हबीबी नगर में विस्फोट में तीन की मौत, घटना के बाद इलाके को पुलिस ने किया सील, जांच जारी।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि किसान, राष्ट्र निर्माण में सशक्त भागीदार हैं और उनके प्रयासों से आत्मनिर्भर भारत अभियान को मजबूती मिल रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार, किसानों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए अथक प्रयास कर रही है। श्री मोदी ने आज सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन के आवास पर आयोजित पोंगल समारोह में कहा कि पोंगल पर्व, जीवंत तमिल संस्कृति और प्रकृति के साथ जुड़ाव का उत्सव है।
आज मकर संक्रांति पर्व के मौके पर किसानों को याद करने के लिए गिरिडीह जिले के किसानों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट किया है। गिरिडीह में किसानों ने कहा कि उनका प्रयास खेती को बढ़ावा देना और किसानों की आय बढ़ाने वाली है।

****

राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने बतौर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पद की कमान आज औपचारिक रूप से संभाल ली है। संगठन पर्व के समापन के अवसर पर केंद्रीय मंत्री और पार्टी के चुनाव अधिकारी जुएल ओराम ने प्रदेश अध्यक्ष के नाम कीघोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने 21 नये परिशद के सदस्यों के नामों की भी घोशणा की।
भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि एक सामान्य कार्यकर्ता को प्रदेश अध्यक्ष की कमान मिलने से लाखों कार्यकर्ताओं में एक भाव जगा है की आने वाले दिनों में किसी न किसी दिन वह भी प्रदेश अध्यक्ष तक का सफर पूरा कर सकते हैं।
साउंड बाइट – आदित्य साहू – 33 सेकेंड

****

राजधानी रांची के मोरहाबादी स्थित ऑक्सीजन पार्क में 17 और 18 जनवरी को फ्लावर शो और ऑर्गेनिक उत्पादों की प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। इस आयोजन के संबंध में जानकारी देने के लिए कल सुबह 11 बजे ऑक्सीजन पार्क में मीडिया को संबोधित किया जाएगा।

****

रांची के धुर्वा स्थित मौसीबाड़ी से पिछले 2 जनवरी से लापता हुए दो बच्चों को पुलिस ने सकुशल बरामदगी के बाद पुलिस महानिदेशक तदासा मिश्रा ने बताया कि रामगढ़ जिले से दोनों बच्चों को बरामद किया उन्होंने अंतरराष्ट्रीय बच्चा चोर गिरोह के द्वारा इस घटना को अंजाम देने की बात कही।

****

दुमका के बाबा बासुकिनाथ मंदिर में मकर संक्रांति का उत्सव, पूजन और दर्शन आज ही किया गया। श्रद्धालुओं शिवगंगा और अन्य जलाशयों में स्नान कर बाबा बासुकिनाथ का जलाभिषेक किया।

चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह ने आज मकर संक्रांति के पावन अवसर पर गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र स्थित बलबल मेला का उद्‍घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने माता बागेश्वरी मंदिर में पूजा—अर्चना की और प्रदेशवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की मंगलकामना की।

****

मकर संक्रांति पर्व के मौके पर आज गिरिडीह में नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने अपने आवास पर प्रबुद्ध सदस्यों के बीच मकर संक्रांति पर्व मनाया। इस मौके पर मंत्री सुदिव्य कुमार ने झारखंड वासियों के लिए मंगल कामनाएं करते हुए सुखद जीवन की कामना की।

****

हजारीबाग के हबीबी नगर में में विस्फोट में तीन लोगों की मौत हुई है। मृतक में दो महिला और एक पुरुष शामिल है. पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटनास्थल पर चार थाना के थाना प्रभारी दो डीएसपी मौजूद है। .

****

हावड़ा डिवीजन के रामपुरहाट गुमानी रेलखंड में तिलभिट्टा कोटालपोखर के बीच रेल लाइन में ट्रेन को डीरेल करने के मामले में रेलवे सुरक्षा बल ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तीनों आरोपियों से कड़ी पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया. तीनो आरोपियों की गिरफ़्तारी की पुष्टि आरपीएफ निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने की।

****

राज्य में आज भी कड़ाके की ठंड का असर देखने को मिला। राज्य का सबसे ठंडा जिला गुमला रहा, जहां न्यूनतम तापमान 1 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। यह जानकारी मौसम विभाग ने दी। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के उत्तर—पश्चिम, मध्यवर्ती और दक्षिणी जिलों में कहीं—कहीं शीतलहर चलने की संभावना है। इसे लेकर विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।

********समाप्त*********